**भारत सरकार**

**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय**

**उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1919**

**बुधवार, 3 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**इन्वेस्ट इंडिया कार्यक्रम**

**1919. श्री कुलदीप राय शर्माः**
**श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुलेः**
**डॉ. हिना विजयकुमार गावीतः**
**श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरेः**
**डॉ. अमोल राम सिंह कोल्हेः**
**डॉ. सुभाष रामराव भामरेः**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में सरकार द्वारा फिक्की के साथ विदेशी निवेश के संवर्धन के लिए शुरू की गयी 'इन्वेस्ट इंडिया' ने अपने उद्देश्य की प्राप्ति कर ली, जिसके लिए वह स्थापित की गयी थी;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) इन्वेस्ट इंडिया द्वारा चलायी जा रही परियोजनाओं के विवरण के साथ इन्वेस्ट इंडिया के वर्तमान शेयर होल्डिंग प्रारूप का ब्यौरा क्या है;

(घ) एफडीआई अंतःप्रवाह के संदर्भ में अब तक योजनाओं/कार्यक्रमों का तथा उनकी उपलब्धियों का वर्ष-वार और क्षेत्र-वार विवरण क्या है;

(ङ) क्या सरकार के पास कार्यक्रम के क्रियान्वयन की निगरानी के लिए कोई तंत्र है और यदि हां, तो अब तक पता लगाई गई वित्तीय अनियमिता के मामलों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) सरकार द्वारा 'इन्वेस्ट इंडिया' कार्यक्रम को अधिक प्रभावी बनाने के लिए अन्य क्या कदम उठाए गये हैं?

**उत्तर**

**वाणिज्य और उद्योग मंत्री**

**(श्री पीयूष गोयल)**

**(क) और (ख):** जी, हां। इन्वेस्ट इंडिया द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, वर्तमान में इन्वेस्ट इंडिया 1003 कम्पनियों के साथ मिलकर कार्य कर रहा है और इसके द्वारा 137 बिलियन अमरीकी डॉलर का निवेश और 1,981,147 रोजगार दर्शाया गया है जिसमें शुरू से अंत तक सुविधा सहायता मुहैया करवायी गई है। इनमें से, सितंबर 2014 से आज तक 23 बिलियन अमरीकी डॉलर का निवेश और 138,083 रोजगारों का सृजन किया गया है। इन्वेस्ट इंडिया

ने सितम्बर, 2014 से अब तक की अवधि के दौरान 190,431 व्यावसायिक अनुरोध पर कार्रवाई की है और मौजूदा निवेश संवर्धन एजेंसियों (आईपीए) की क्षमता निर्माण और उन्हें सुदृढ़ बनाने के साथ ही निवेश लक्ष्य के निर्धारण, संवर्धन और सुविधा क्षेत्रों में बेहतरीन वैश्विक प्रक्रियाओं को शामिल करने के लिए भारत के कई राज्यों के साथ सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है।

**(ग):** विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के लिए कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 25 के तहत तत्कालीन औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की 49 प्रतिशत इक्विटी तथा फिक्की की 51 प्रतिशत शेयरहोल्डिंग के साथ वर्ष 2009 में इन्वेस्ट इंडिया गठित किया गया था। इन्वेस्ट इंडिया के वर्तमान शेयरहोल्डिंग पैटर्न में 51 प्रतिशत हिस्सा उद्योग संघों (अर्थात् फिक्की, सीआईआई और नैसकॉम प्रत्येक का 17 प्रतिशत) का है तथा शेष 49 प्रतिशत हिस्सा केंद्र और 19 राज्य सरकारों का है।

इन्वेस्ट इंडिया द्वारा संचालित की जा रही परियोजनाओं में, अन्य के साथ-साथ, निम्निलखित शामिल हैं:

i. **सक्रिय निवेशकों को लक्षित करना:** इन्वेस्ट इंडिया लक्षित बाजारों के मुख्य क्षेत्रों में से उन लक्ष्य कंपनियों की पहचान करता है जो भारत में निवेश शुरु करना चाहती हैं अथवा भारत में और विस्तार करने की इच्छुक हैं।

ii. **सहायता प्रदान करना:** निवेश के समूचे जीवन-चक्र के दौरान निवेशकों की सहायता के लिए उच्च गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराना बहुत महत्वपूर्ण है और इन्वेस्ट इंडिया महत्वपूर्ण विशेषज्ञता उपलब्ध कराता है तथा मार्गदर्शन, सहायता, समस्या समाधान और निवेशकों को सुविधा प्रदान करने संबंधी बहुमूल्य सेवा प्रदान करता है।

iii. **द्विपक्षीय सीईओ फोरम:** भारत सरकार ने सहयोग के नए क्षेत्रों का पता लगाने तथा देशों के बीच व्यावसायिक संपर्कों को सुकर बनाने की पहल करने के लिए विभिन्न देशों के साथ द्विपक्षीय सीईओ फोरम संस्थापित किए हैं। इन्वेस्ट इंडिया पर निवेश से संबंधित मामलों/ सिफारिशों के संबंध में नोडल बिंदु के रूप में कार्य करने का उत्तरदायित्व है तथा यह सीईओ फोरम में प्रस्तुत निवेश संबंधी प्रस्तावों पर कार्रवाई करने में मदद करता है।

iv. **देश-क्षेत्र पहुंच:** इन्वेस्ट इंडिया देश/ क्षेत्र संबंधी पारस्परिक संपर्कों को नियोजित करके राष्ट्रीय और क्षेत्रीय नीति के विकास में सक्रिय रूप से योगदान देता है।

v. **रणनीतिक निवेश अनुसंधान इकाई:** यह भारत के निवेश परिदृश्य को आकार देती है तथा एफडीआई की गुणवत्ता और मात्रा में बदलाव को संचालित करती है। रणनीतिक निवेश अनुसंधान इकाई न केवल आईपीए के मुख्य कार्यों के लिए मजबूत स्तंभ के रूप में कार्य करती है बल्कि यह निवेश संबंधी विवरण तैयार करने में भी मदद करती है।

vi. **एफडीआई के लिए सूचना और संचार प्रौद्योगिकी का उपयोग करना:** इन्वेस्ट इंडिया निवेश योजना और सुविधा के लिए प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल को बढ़ावा देता है। आईपीए सूचना और संचार प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करके निवेशकों की समस्याओं का समाधान करने और उन पर कार्यवाही करने के लिए उत्तरोत्तर परिष्कृत निवेशक अन्वेषण साधनों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

vii. **राज्य निवेश संवर्धन एजेंसियों के साथ मिलकर कार्य करना:** इन्वेस्ट इंडिया यह सुनिश्चित करने में केंद्रीय भूमिका निभाता है कि एफडीआई सभी राज्य एजेंसियों, राज्य सरकारों और हितधारकों की कार्यसूची में शामिल हो जिसमें एफडीआई से स्थानीय स्तर पर प्राप्त किए जा सकने वाले पर्याप्त आर्थिक और सामाजिक लाभों का उल्लेख हो।

viii. **स्टार्ट-अप्स:** स्टार्ट-अप इंडिया भारत सरकार की प्रमुख पहल है जिसका उद्देश्य देश में अभिनवीकरण और स्टार्ट-अप्स को बढ़ावा देने के लिए मजबूत परिवेश का निर्माण करना है जिससे हम दीर्घकालीन आर्थिक विकास की ओर अग्रसर होंगे तथा बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसरों का सृजन होगा। इन्वेस्ट इंडिया की मदद से उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग का लक्ष्य इस पहल के जरिए अभिनवीकरण और डिजाइन के द्वारा स्टार्ट-अप्स को विकास करने के लिए सशक्त बनाना है।

ix. **नए भारत के अभिनवीकरण की त्वरित वृद्धि (एजीएनआईआई):** इसका उद्देश्य उद्योगों, व्यक्तियों और जमीनी स्तर पर नवप्रवर्तकों को बाजार में लाने और देश में अभिनव ईकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए चल रहे प्रयासों में सहायता करना और उनके अभिनव समाधानों के व्यावसायीकरण में मदद करना है। इन्वेस्ट इंडिया अपने बाजार के लिए तैयार उत्पादों और औद्योगिक समाधानों के लिए नवप्रवर्तकों को एक मंच प्रदान करता है जिससे भारत को समावेशी आर्थिक विकास के एक नए युग में ले जाने में मदद मिलेगी।

x. **भारत निवेश ग्रिड:** भारत निवेश ग्रिड (आईआईजी), भारत में वैश्विक निवेशकों के लिए निवेश के अवसरों को प्रदर्शित करने के लिए एक ऑनलाइन मंच है। मंच की देखरेख इन्वेस्ट इंडिया द्वारा की जाती है।

**(घ):** इन्वेस्ट इंडिया के प्रयासों और एफडीआई नीति के उदारीकरण के लिए सरकार द्वारा किए गए उपायों के साथ-साथ व्यवसाय करने में आसानी (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) के माहौल में सुधार करने के परिणामस्वरूप कुल एफडीआई अंतर्वाह में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। देश में वर्ष 2018-19 में 64.38 बिलियन अमरीकी डॉलर का एफडीआई अंतर्वाह दर्ज किया गया है जो वित्त वर्ष 2013-14 के 36.05 बिलियन अमरीकी डॉलर के कुल एफडीआई अंतर्वाह की तुलना में 78.6 प्रतिशत अधिक है।

अप्रैल, 2014 से मार्च, 2019 के दौरान एफडीआई इक्विटी अंतर्वाह का क्षेत्रवार और वित्तीय वर्ष-वार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

**(ङ) और (च)**: उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग इन्वेस्ट इंडिया के निष्पादन की नियमित समीक्षा करता है। इसके अलावा, भारत सरकार, फिक्की, सीआईआई और नैस्कॉम से नामित प्रतिनिधियों सहित सचिव, उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग की अध्यक्षता में निदेशक-मंडल कंपनी के समग्र संचालन, नियंत्रण और कार्यनीति की देखरेख करता है। इन्वेस्ट इंडिया के परिचालन और समग्र निष्पादन की निगरानी के लिए निदेशक-मंडल की नियमित बैठकें आयोजित की जाती हैं।

कंपनी अधिनियम के अनुसार निदेशक-मंडल और शेयरधारकों द्वारा प्रत्येक वार्षिक आम बैठक में नियुक्त सांविधिक लेखा-परीक्षक द्वारा कंपनी के खातों की जांच और लेखा परीक्षा की जाती है। इसके अलावा, सरकार द्वारा भी ऑडिट किया जाता है। किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता नहीं पाई गई है।

******

**अनुबंध**

**दिनांक 03.07.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1919 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

एफडीआई इक्विटी अंतर्वाह का वित्तीय वर्ष-वार विवरण

अप्रैल 2014 से मार्च 2019

| क्र.सं. | क्षेत्र | 2014-15 अप्रैल-मार्च | 2015-16 अप्रैल-मार्च | 2016-17 अप्रैल-मार्च | 2017-18 अप्रैल-मार्च | 2018-19 अप्रैल-मार्च | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | एफडीआई मिलियन अमरीकी डॉलर में | एफडीआई मिलियन अमरीकी डॉलर में | एफडीआई मिलियन अमरीकी डॉलर में | एफडीआई मिलियन अमरीकी डॉलर में | एफडीआई मिलियन अमरीकी डॉलर में | |
| 1 | धातुकर्मीय उद्योग | 359.34 | 456.31 | 1,440.18 | 371.76 | 598.84 | 3,226.43 |
| 2 | खनन | 684.39 | 520.67 | 55.75 | 36.41 | 223.58 | 1,520.81 |
| 3 | विद्युत | 707.04 | 868.80 | 1,112.98 | 1,621.00 | 1,105.64 | 5,415.47 |
| 4 | गैर-परंपरागत ऊर्जा | 615.95 | 776.51 | 783.57 | 1,204.46 | 1,446.16 | 4,826.66 |
| 5 | पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस | 1,079.02 | 103.02 | 180.40 | 24.18 | 138.43 | 1,525.06 |
| 6 | बॉयलर तथा भाप उत्पादक संयंत्र | 1.33 | 77.91 | 53.91 | 68.13 | 0.01 | 201.29 |
| 7 | प्राइम मूवर (विद्युत जनरेटरों को छोड़कर) | 230.70 | 159.13 | 286.88 | 159.06 | 244.92 | 1,080.68 |
| 8 | विद्युत उपकरण | 574.83 | 444.88 | 2,230.69 | 488.72 | 976.50 | 4,715.63 |
| 9 | कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर | 2,296.04 | 5,904.36 | 3,651.71 | 6,153.20 | 6,415.21 | 24,420.52 |
| 10 | इलेक्ट्रॉनिक्स | 96.84 | 208.39 | 83.97 | 196.87 | 451.88 | 1,037.95 |
| 11 | दूरसंचार | 2,894.94 | 1,324.40 | 5,563.69 | 6,211.84 | 2,667.91 | 18,662.78 |
| 12 | सूचना एवं प्रसारण (प्रिंट मीडिया सहित) | 254.96 | 1,009.34 | 1,516.68 | 638.67 | 1,252.36 | 4,672.01 |
| 13 | ऑटोमोबाइल उद्योग | 2,725.64 | 2,526.82 | 1,609.32 | 2,089.53 | 2,623.22 | 11,574.52 |
| 14 | वायु मार्ग से परिवहन (वायु मार्ग माल भाड़ा सहित) | 74.56 | 361.25 | 83.40 | 628.53 | 190.64 | 1,338.37 |
| 15 | समुद्री परिवहन | 333.22 | 429.30 | 735.06 | 1,051.49 | 279.25 | 2,828.31 |
| 16 | पत्तन | 1.90 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 1.90 |
| 17 | रेलवे से संबद्ध घटक | 129.73 | 73.99 | 87.57 | 98.54 | 72.19 | 462.02 |
| 18 | औद्योगिक मशीनरी | 716.79 | 568.26 | 329.30 | 462.82 | 338.18 | 2,415.35 |
| 19 | मशीन औजार | 24.06 | 126.38 | 23.89 | 45.16 | 44.93 | 264.42 |
| 20 | कृषि मशीनरी | 72.35 | 16.44 | 15.19 | 17.20 | 5.78 | 126.96 |
| 21 | अर्थ-मूविंग मशीनरी | 30.11 | 97.66 | 52.23 | 29.18 | 34.16 | 243.33 |
| 22 | विविध यांत्रिकी और इंजीनियरिंग उद्योग | 186.69 | 274.57 | 245.24 | 106.42 | 162.67 | 975.59 |
| 23 | वाणिज्यिक, कार्यालय और घरेलू उपकरण | 33.39 | 36.68 | 7.44 | 20.97 | 11.78 | 110.27 |
| 24 | मेडिकल और सर्जिकल उपकरण | 145.93 | 173.26 | 479.71 | 87.23 | 156.72 | 1,042.85 |
| 25 | औद्योगिक उपकरण | 0.85 | 7.42 | 0.80 | 2.28 | 1.62 | 12.97 |
| 26 | वैज्ञानिक उपकरण | 32.34 | 6.36 | 76.66 | 5.53 | 3.15 | 124.05 |
| 27 | उर्वरक | 225.32 | 20.93 | 0.89 | 26.68 | 86.73 | 360.54 |
| 28 | रसायन (उर्वरकों के अलावा) | 762.76 | 1,469.95 | 1,392.80 | 1,307.90 | 1,980.99 | 6,914.40 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 29 | फोटोग्राफिक रॉ फिल्म और कागज | 0.75 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.75 |
| 30 | रंगाई का सामान | 54.89 | 3.32 | 10.70 | 0.00 | 1.52 | 70.43 |
| 31 | औषध एवं भेषज | 1,497.74 | 754.26 | 857.39 | 1,009.96 | 265.97 | 4,385.32 |
| 32 | वस्त्र (रंगाई, छपाई सहित) | 197.42 | 230.13 | 618.95 | 454.45 | 198.14 | 1,699.09 |
| 33 | कागज और लुगदी (कागज उत्पादों सहित) | 116.21 | 85.21 | 197.61 | 71.17 | 38.00 | 508.21 |
| 34 | चीनी | 27.77 | 105.85 | 15.92 | 7.90 | 1.10 | 158.54 |
| 35 | किण्वन उद्योग | 225.38 | 202.36 | 110.86 | 38.48 | 149.49 | 726.57 |
| 36 | खाद्य प्रसंस्करण उद्योग | 515.86 | 505.88 | 727.22 | 904.90 | 628.24 | 3,282.10 |
| 37 | वनस्पति तेल और वनस्पति | 148.34 | 34.22 | 108.45 | 85.12 | 116.22 | 492.35 |
| 38 | साबुन, सौंदर्य और प्रसाधन सामग्री | 177.22 | 193.26 | 92.60 | 137.03 | 154.09 | 754.20 |
| 39 | रबर के सामान | 284.51 | 296.15 | 262.76 | 392.21 | 197.64 | 1,433.27 |
| 40 | चमड़ा, चमड़े के सामान और पिकर्स | 34.21 | 17.13 | 2.30 | 22.00 | 4.52 | 80.16 |
| 41 | गोंद और जिलेटिन | 21.44 | 0.82 | 90.60 | 3.76 | 13.29 | 129.91 |
| 42 | कांच | 41.82 | 25.78 | 51.69 | 70.92 | 35.59 | 225.80 |
| 43 | सिरैमिक | 35.29 | 51.21 | 15.40 | 50.12 | 58.09 | 210.11 |
| 44 | सीमेंट और जिप्सम उत्पाद | 208.99 | 19.69 | 2,130.10 | 19.44 | 17.61 | 2,395.83 |
| 45 | लकड़ी के उत्पाद | 8.97 | 53.17 | 10.23 | 9.91 | 7.75 | 90.03 |
| 46 | रक्षा उद्योग | 0.08 | 0.10 | 0.00 | 0.01 | 2.18 | 2.37 |
| 47 | परामर्शी सेवाएं | 458.13 | 517.47 | 261.14 | 759.67 | 410.61 | 2,407.02 |
| 48 | सेवा क्षेत्र (वित्त, बैंकिंग, बीमा, गैर-वित्त/व्यवसाय, आउटसोर्सिंग, आरएंडी, कूरियर, तकनीक, परीक्षण तथा विश्लेषण, अन्य) | 3,250.03 | 6,889.46 | 8,684.07 | 6,708.58 | 9,157.54 | 34,689.68 |
| 49 | अस्पताल और नैदानिक केन्द्र | 567.85 | 742.35 | 747.38 | 708.09 | 1,044.61 | 3,810.29 |
| 50 | शिक्षा | 78.86 | 230.78 | 160.12 | 285.75 | 776.73 | 1,532.23 |
| 51 | होटल एवं पर्यटन | 777.01 | 1,332.69 | 916.13 | 1,131.97 | 1,075.75 | 5,233.55 |
| 52 | व्यापार | 2,727.96 | 3,845.32 | 2,338.40 | 4,348.13 | 4,462.13 | 17,721.93 |
| 53 | खुदरा व्यापार | 168.72 | 262.24 | 450.94 | 223.78 | 442.83 | 1,548.51 |
| 54 | कृषि सेवा | 59.95 | 84.65 | 76.43 | 110.19 | 88.07 | 419.29 |
| 55 | हीरे, सोने के आभूषण | 280.18 | 58.54 | 123.92 | 233.03 | 29.15 | 724.82 |
| 56 | चाय और कॉफी (कॉफी और रबड़ का प्रसंस्करण एवं भण्डारण) | 1.43 | 1.12 | 1.60 | 20.02 | 13.64 | 37.81 |
| 57 | पुस्तकों की छपाई (लीथो छपाई उद्योग सहित) | 72.58 | 122.81 | 53.17 | 228.40 | 549.80 | 1,026.75 |
| 58 | कॉयर | 1.36 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 1.36 |
| 59 | निर्माण (अवसंरचना) कार्यकलाप | 870.25 | 4,510.71 | 1,860.73 | 2,729.69 | 2,258.00 | 12,229.38 |
| 60 | निर्माण विकास: टाउनशिप, आवास, निर्मित बुनियादी ढांचा और निर्माण विकास परियोजनाएं | 769.14 | 112.55 | 105.14 | 539.57 | 213.15 | 1,739.55 |
| 61 | विविध उद्योग | 765.88 | 668.77 | 296.40 | 398.76 | 441.16 | 2,570.96 |
| | **कुल योग** | 29,737.27 | 40,000.98 | 43,478.27 | 44,856.75 | 44,366.03 | 202,439.31 |